Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# महिला के प्रयासों से बच गई बच्चों की जान

**कहर**

■जिला मुख्यालय के उरई गांव में भरी बारिश के चलते एक मकान ध्वस्त

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों में दहशत बरकरार, भीषण बारिश का कहर जारी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील में भीषण बारिश का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। मुंसयारी व बंगापानी तहसीलों का संपर्क कट गया है। सीमांत तहसीलों में नदी नाले पूरी तरह उफान पर बह रहे है। जौलजीबी मदकोट मुंसयारी मार्ग पर लुम्ती के पास चर गाड मोटर पुल खतरे में आने के समाचार मिले है। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीन मार्ग बंद होने के समाचार मिले है।

बता दें कि जिला मुख्यालय के उरई गांव में भरी बारिश के चलते एक मकान ध्वस्त हो गया। मकान में रह रही महिला के प्रयासों से दीवार गिरते ही महिला अपने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लाई। वही कमला के बाहर निकलते ही



मकान ध्वस्त हो गया।

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय से महज 30 किमी दूर उरई गांव निवासी कमला देवी बुधवार देर रात्रि अपने मकान में सोई थी । उस समय काफी तेज बारिश हो रही थी। वही कमला देवी के मकान की एक दीवार भरभराकर गिर गई। कमला देवी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए अपने दोनों बच्चों की जान बचाते हुए उन्हें बाहर निकाल लाई। बता दें कि विधवा महिला कमला देवी खेतीबाड़ी कर अपने परिवार की आजीविका चलाती है। कमला का राशन कपडे बिस्तर बर्तन आदि सब इस मलबे में दब गये।

ताजा जानकारी के मुताबिक कमलावउनके बच्चों को फिलहाल दूसरे व्यक्ति के यहां रखा गया है। वही गुरूवार को राजस्व टीम गांव में जाकर क्षति से हुए नुकसान का आंलन करेगी। यह सूचना आपदा प्रबंधन व राजस्व विभाग को मिल चुकी है। सीमांत तहसील धारचूला के ग्वाल गांव के दो दर्जन से अधिक परिवार खतरे की चपेट में आ चुके है। वही कुछ परिवारों ने मकान छोड दिये है। सीमांत तहसीलों के आपदा प्रभावित दहशत के साये में रात बिताने कोमजबूर हो रहे है।

सीमांत के नाचनी बासबगड़ मोटर मार्ग पर सिमरौडा के पास लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते सड़क का मुख्य हिस्सा आ चुका है। क्षेत्र के लोग आवागमन करने में दिक्कतों से जूझ रहे है। समाचार मिलने तक टनकपुर तवाघाट हाइवे धारचमला के मध्य तीन स्थानों पर भारी मलबा आने से यातायात दस घंटे तक बंद होने के समाचार मिले है। धारचूला से तवाघाट के मध्य मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है।

## न्यूज डायरी

### रुद्रप्रयाग में स्कार्पियो वाहन मंदाकिनी नदी में समाया, दो लोगों की मौत

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड हाईवे पर भटवाड़ीसैंड में एक स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर मंदाकिनी नदी में जा समाया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक लापता चल रहा है। एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से निकाला गया। घटनास्थल जिला मुख्यालय से मात्र पांच किमी दूरी पर होने के बावजूद रेस्क्यू आपरेशन लगभग दो घंटे बाद शुरू हुआ। गौरीकुंड हाईवे पर रुद्रप्रयाग से पांच किमी दूर भटवाड़ीसैंड में रुद्रप्रयाग से तिलबाड़ा की ओर जा रही एक स्कार्पियो वाहन बुधवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अचानक दो सौ मीटर गहरी खाई में जाते हुए मंदाकिनी नदी में जा समाया। वाहन का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वाहन में दो महिलाओं समेत चार लोग सवार थे।

### जिला प्रशासन ने शासन को भेजा बजट का प्रस्ताव

**संवाददाता** हरिद्वार। जिला योजना समिति (डीपीसी) सदस्यों की बजट देने की मांग का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने शासन को भेज दिया है। वहीं, बैठक कराने के लिए फिर से 24 अगस्त की तिथि तय कर सदस्यों को एजेंडा भेजा गया है। हालांकि, अभी भी बैठक होने को लेकर संशय बरकरार है। 28 जुलाई को डीपीसी सदस्यों ने 10 अगस्त को तय बैठक का बहिष्कार कर दिया था। सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी सी रवि शंकर को उसी दिन ज्ञापन देकर स्पष्ट कहा था कि पहले बजट की व्यवस्था की जाए, तभी वह बैठक में आएंगे। इसके जिला प्रशासन के सामने बैठक का कोरम पूरा कराने को लेकर संकट खड़ा हो गया था।

### ब्रांड फैक्टरी का स्वतंत्रता सप्ताह (इंडिपेंडेंस वीक) स्पेशल 6 दिवसीय ऑफर

**संवाददाता** देहरादून। स्वतंत्रता के इस सप्ताह में, अपने मनपसंद ब्रांड्स की बिना रोक–टोक खरीदारी करके सच में आजादी मनाइए ब्रांड फैक्टरी आपके लिए रोमांचक 2 खरीदें 3 मुफ्त पाएं ऑफर ला रहा है, जो 11 से 16 अगस्त, 2020 तक के लिए मान्य है। ब्रांड फैक्टरी में क्रोकोडाइल, जैक एंड जोन्स, किलर, ली, पेपे, स्पाइकर, रैंगलर, राँग, जारा, ब्लैकबेरी, हे, द प्रिविलेज क्लब, जॉन मिलर, नाइटहुड, ली कूपर, बेयर डेनिम, बफेलो जैसे बहुत से बेस्ट फैशन ब्रांड्स पर बेस्ट ऑफर्स के साथ फैशन की खरीदारी करने के साथ–साथ आजादी की निडर भावना का जश्न मनाइएय और एथनिक वियर, स्कर्ट, टी–शर्ट्स, शर्ट्स, ट्राउजर, चिनोस, डेनिम, टॉप, किड्स वियर और हमारे ट्रेंडी कलेक्शन से अपने लिए ट्रेंडी फैशन चुनिए।

### राज्य आन्दोलनकारी डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारियों डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने बताया कि वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारी नंदन सिंह रावत (53) व सरोजनी देवी (74 वर्ष) सरोजनी देवी के पिता भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे। राज्य आन्दोलनकारी मंच द्वारा दोनों के निधन पर दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि नंदन सिंह रावत कोरोना से पीड़ित थे जबकि सरोजनी देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उन्होने कहा कि जिन आन्दोलनकारियों की बदौलत हमें यह राज्य मिला वह अब धीरे–धीरे व्योवृद्ध होने के कारणः अब दुनिया छोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि नंदन सिंह रावत ा अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली बोध ा गया घाट पर हुआ



## मुख्यमंत्री से टॉपर छात्र–छात्राओं ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में द टोन्स ब्रिज स्कूल देहरादून के टॉपर छात्र–छात्राओं ने भेंट की। स्कूल के अध्यक्ष श्री विजय नागर ने बताया कि सीबएससी की इण्टर की परीक्षा में राज्य से पहले 02 टॉपर विद्यार्थी द टोन्स ब्रिज स्कूल से थे। एक छात्र ने देश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीबीएससी की हाईस्कूल की परीक्षा में भी स्कूल से कई छात्रों ने टॉपर लिस्ट में स्थान पाया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने सभी टॉपर छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने द टोन्स ब्रिज स्कूल से को भी बधाई दी कि विद्यालय से कई विद्यार्थी टॉपर लिस्ट में स्थान बना रहे हैं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, द टोन्स ब्रिज स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती बेला सहगल एवं मेधावी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर क्षेत्र में मनचलों व नशेड़ियों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

**चोराहों,गलियों,मुहल्लों के एकांत स्थानों पर भी लगे सीसीटीवी कैमरे**

**संवाददाता**

पुरोला। नगर पंचायत पुरोला के अंतर्गत मनचलों,नशेड़ियों व चोरी करनें वालों समेत हर प्रकार की गतिविधी पर नजर रखने को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने नगर के गलियों,चोराहों,मुहल्लों के एंकात स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

सीसीटीवी कैमरे नगर क्षेत्र में मुख्यता मुख्य बाजार सहित कुमोला रोड,मन्दिरमार्ग,हॉस्पिटल गली व कोर्ट रोड,श्रीगुल मन्दिर रोड समेत कई जगह लगाये गये हैं साथ ही नगर के सभी 7 वार्ड में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव है जबकि अभी तक नगर क्षेत्र में 16 सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी ने बताया कि काफी समय से रात को मुख्य सड़कों,गलियों में खड़ी गाड़ियों से आवारा,कबाडी,चोर किस्म के लोगों की तेल व पुर्जे चोरी की घटनाओं की शिकायत मिल रही है साथ ही अंधेरे,गली मुहल्लों के एकांत में छेड़छाड़ व सांय को जगह–जगह नशेड़ियों के उद्गम मचाने की शिकायतें व नगर में कई जगह चोरी की बारदातों की भी शिकायत है।

इन्हीं असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने समेत पुलिस को भी नगर क्षेत्र में हर प्रकार गतिविधि पर नजर बनाए रखने में सहूलियत को लेकर नगर में सीसीटीवी कैमरे लगानें की प्रथम चरण की योजना में अभी तक 16 कैमरे लगाये गयें हैं वहीं जल्दी ही सातों वार्डो के एकांत स्थानों,गलियों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

वंही दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि हर वार्ड सदस्यों के सहयोग से वार्डो में स्ट्रीट लाइट व रास्तों पर इंटरलॉक टाइल्स लगवाई जा रही हैं उन्होंने गली मोहल्लों के रास्तों के चौडिकरण,रास्तों पर किये गए अतिक्रमण को लेकर सकारात्मक सहयोग करनें की अपील की गई है, ताकि आने वाले समय के लिए नगर क्षेत्र के निकासी नालियों, रास्तों में आवाजाही की कोई समस्या न रहे।

### दुकान से 90 हजार चोरी करने वाले पर मुकदमा

**संवाददाता** रुड़की। कारोबारी के बेटे को चकमा देकर एक युवक ने दुकान से 90 हजार की रकम चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला रोड निवासी साजिद की आजाद नगर चौक के पास इलेक्ट्रिकल्स की दुकान है। मंगलवार दोपहर साजिद खाना खाने के लिए घर गए थे, दुकान पर उनका बेटा था। इस दौरान एक युवक सामान लेने के लिए वहां आया। युवक ने कारोबारी के बेटे को सामान दिखाने को कहा। सामान लाने के लिए कारोबारी का बेटा दुकान के अंदर गया तो इसी बीच युवक ने गल्ले से 90 हजार की रकम साफ कर दी थी। इसके बाद आरोपित फरार हो गया था। घटना की जानकारी होने पर साजिद ने पुलिस को मामले की तहरीर दी थी। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मैनवाल ने बताया कि टप्पेबाज को चिह्नित करने के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।